प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 02 जनवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ श्री अनिल पालटा ने राज भवन में भेंट की एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदय ने भी श्री अनिल पालटा को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड सरकार श्री जितेन्द्र कुमार एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखण्ड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड श्रीमती सुमन पाठक ने राज भवन में भेंट की तथा माननीय राज्यपाल महोदय को 6 जनवरी, 2025 को आयोजित “राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25” के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजा राम महतो के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने आज राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने माननीय राज्यपाल महोदय को विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया।